ble that the existing provisions which deal with these types of offences may not be adequate. But, at the same time, Sir, it has to be kept in mind that this is not the only piece of tax legislation; there are various other provisions also. Therefore, in order to make an over-all assessment, I have indicated that this is a matter which requires some detailed examination and in regard to which, State Governments have also to be consulted. Sales tax is not administered merely by the Delhi Administration or by the Central Government; certain other States also come into the picture. Other tax laws are also there administered by the Central Government, and at the appropriate time, it would be possible for us to take an overall view so far as this particular point is concerned and if necessary amendments can be made.

With these words, I request the hon. House to consider this Bill

MR. SPEAKER: The question is:

"That the Bill to consolidate and amend the law relating to the levy of tax on sale of goods in the Union territory of Delhi, as reported by the Select Committee, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. SPEAKER: We shall now take up clause-by-clause consideration.

There are no amendments to clauses 2 and 3.

The question is:

"That Clauses 2 and 3 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clauses 2 and 3 were added to the Bill

Clause 4— (*Rate of tax*)

MR. SPEAKER: We shall take up Clause 4. There is one Government amendment, amendment No. 1.

**Amendment made:*

"Page 5, line 15,—

for "three paise" *substitute* "four paise"

(SHRI PRANAB KUMAR MUKHERJEE)

MR. SPEAKER: The question is:

"That clause 4, as amended, stand part of the Bill".

The motion was adopted.

Clause 4, as amended, was added to the Bill. Clauses 5 to 75, the First Schedule, the Second Schedule, the Third Schedule, Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI PRANAB KUMAR MUKHERJEE: I move:

"That the Bill, as amended, be passed".

MR. SPEAKER: The question is:

"That the Bill, as amended, be passed."

The motion was adopted.

11.42 hrs.

DEFENCE OF INDIA (AMENDMENT) BILL—*contd.*

MR. SPEAKER: We will resume further consideration of the following motion moved by Shri K. Brahmananda Reddy on the 28th July 1975, namely:

'That the Bill to amend the Defence of India Act, 1971, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration".

Shri Jharkhande Rai may continue his speech.

---

*Amendment moved with the recommendation of the President.

श्री चारखंडे राय (घोसी) : मान्यवर, स्वतन्त्रता प्राप्ति के लगभग 28 वर्षों के बाद पहली बार राज्य के दमनकारी यंत्र का प्रयोग दक्षिण-पंथी, प्रतिक्रियावादी, साम्प्रदायिक, अर्ध-फासिस्ट, नव-उपनिवेशवादी और साम्राज्यवाद-परस्त अमरीकी-पक्षी शक्तियों के विरुद्ध करारे प्रहार के रूप में किया गया है इसलिये हम कम्युनिस्ट खुले दिल से इन सभी कदमों का स्वागत कर रहे हैं। लेकिन एक बात की तरफ़ सरकार का ध्यान जाना चाहिये कि यह हमला पहला है। अभी आगे बढ़ कर इन शक्तियों को सदैव के लिये चूर चूर करना होगा। बिड़ला और दूसरे पूंजीपतियों के समर्थन से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी को अपने वायदों को इस बार कम से कम पूरी दृढ़ता और मनोयोग के साथ पूरा करने के लिये आगे बढ़ना होगा। इस सिलसिले में 1 जुलाई, 1975 का माननीया प्रधान मंत्री, इन्दिरा जी का भाषण पुनः कुछ निराशा पैदा करता है जब उन्होंने अपने नए आर्थिक कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा था कि "केवल एक ही जादू है जो गरीबी को दूर कर सकता है और वह है स्पष्ट दूर दृष्टि के साथ साथ कड़ा परिश्रम, दृढ़ इच्छा और कठोरतम अनुशासन।" इसमें कहीं समाज के क्रान्तिकारी रूपान्तर की बात है ? कहीं दूरगामी ढांचा बदलाव (स्ट्रक्चरल चेंजेज) की बात है ? नहीं है। इसमें पूंजीवादी व्यवस्था की परिसमाप्ति की बात नहीं है। 1971 में जिस समाजवाद की चर्चा की गई थी उस तक को इसमें छोड़ दिया गया है। इससे एक शंका पैदा होती है।

मैं मान्यवर, स्पष्ट कर देना चाहता हूं स्वयं इन्दिरा जी को और उनके साथ के शासकों को कि गरीबी दूर करने का एक मात्र उपाय और जादू है समाजवाद की तरफ़ बढ़ना और समाजवादी समाज की स्थापना। मैं कल अपने भाषण के दौरान कुछ सुझाव दे रहा था। मैंने एक खोज की है। जैसे रामायण काल की मंथरा ने केकई की अच्छी बुद्धि को भ्रष्ट किया था, उसी तरह इस वर्तमान भारतीय राजनीतिक युग में मीनू मसानी ने जय प्रकाश जी की बुद्धि को भ्रष्ट किया है। मीनू मसानी वर्तमान युग की मंथरा हैं। इन्होंने जयप्रकाश जी की बुद्धि को भ्रष्ट किया। समाजवादी आन्दोलन के एक प्रमुख संस्थापक और उस के एक कर्णधार, जिन्होंने "समाजवाद ही क्यों" "व्हाई सोशलिज्म इन इंडिया" पुस्तक लिखी थी जिसको पढ़ कर हजारों लाखों देश के नौजवान समाजवादी विचार के बने थे उन को अपने पथ से भ्रष्ट करने में मीनू मसानी को सफलता मिली, और आज जयप्रकाश जी को पूर्ण पतन तक पहुंचा कर तब शान्त हुए हैं। मैं सरकार से जानना चाहूंगा क्या मीनू मसानी इस समय जेल में हैं या बाहर हैं ? मेरे ख्याल से उनका स्थान जेल में ही होना चाहिये।

मान्यवर, इतिहास के एक विद्यार्थी के नाते और भारत के स्वतन्त्रता संग्राम का एक क्रान्तिकारी सिपाही होने के नाते मैं जिम्मेदारी से यह कह सकता हूं कि भारत के स्वतन्त्र होने के बाद राष्ट्रीय व्यक्तित्वों में जितना सीधा पतन, स्टीप फाल, जयप्रकाश जी का हुआ है उतना किसी का नहीं हुआ। 20वीं शताब्दी के भारतीय राजनीतिक के इतिहास में इसकी नजीर केवल एक व्यक्ति में दी जा सकती है और वह है वीर सावरकर जो क्रान्तिकारी साम्राज्य-विरोधी आन्दोलन के प्रतिपितामह थे। लेकिन उनका पतन यहां तक पहुंचा कि राष्ट्रीयता महात्मा गांधी की हत्या के जघन्य षड़यंत्र में भी वह शामिल हो गये थे।

प्रतिक्रियावाद की जड़ें बहुत गहरी हैं। वह राजाओं के महलों में, पूंजीपतियों की कोठियों में, सेठ साहूकारों की गद्दियों में है। इन पर मरणान्तक प्रहार करने का समय आ गया है और इन अपार शक्तियों का जो सरकार ले रही है, यही अवसर है उन समाज के आदमखोरों के विरुद्ध इस्तेमाल

करने का । मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि इन अपार शक्तियों का इस्तेमाल इन की जड़ों को उखाड़ फेंकने के लिये करना चाहिये । मान्यवर, इस सदन का इतिहास है कि जब जब सरकार ने प्रगतिशील कदम उठाये हैं इस सदन के वाम-पक्षी विरोध पक्ष की जनवादी शक्तियों ने उनका हृदय से समर्थन किया था--चाहे वह राजाओं के प्रीवी पर्स का मामला रहा हो, 14 बड़ियालो बैंकों के राष्ट्रीयकरण का मामला रहा हो, संविधान में सम्पत्ति सम्बन्धी धाराओं में परिवर्तन का मामला रहा हो, 1006 कोयला खानों के राष्ट्रीयकरण का सवाल रहा हो या 103 रुग्ण सूती मिलों के अधिग्रहण का सवाल था या संसद की सार्वभौम सत्ता की श्रेष्ठता के कदम रहे हों--जब जब सरकार ने प्रगतिशील कदम उठाये है हमने सदा उनका समर्थन किया है और देश की करोड़ों जनता ने मुक्त कंठ से उनका समर्थन किया । इसलिये सरकार को सहयोग देने की शिकायत विपक्ष के वाम-पक्षी एवं जनवादी हिस्सा से कभी नहीं हो सकती है ।

अब डी० आई० आर० का दुरुपयोग शुरू हो गया है । उनके दुरुपयोग के सिलसिले मे मैं दो चार नजीरें आपके सामने पेश करना चाहता हू । हमारे यू० पी० के लखनऊ और फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित एक मात्र वाम पक्षी हिन्दी दैनिक "जन-मोर्चा" अखबार के कर्णधार श्री हरि गोविन्द जी को गिरफ्तार कर लिया गया । केन्द्र मे कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद उन्हे मुक्त किया गया । मैं जानना चाहता हू कि किस आधार पर उनको गिरफ्तार किया गया अचानक, और किस बुनियाद पर वह छोड़ दिये गये ? इसी तरह, कल मै मिर्जापुर से आ रहा हू वहा रेणूकूट स्थान पर जो बिड़ला की अल्यूमीनियम फैक्ट्री है, एशिया की सब से बड़ी, जिस को हिन्डालको कहते हैं, वहां श्री राज किशोर सिंह नाम के मजदूर को जो प्रबन्धकों का निष्ठावार रहा है, उसे इसलिये गिरफ्तार कर लिया गया, डी० आई० आर० में कि उसने अपने 14 मजदूर साथियों को कत्ल के झूठे मुकदमे में फसाने के लिये पुलिस की ओर से झूठी गवाही देने से इन्कार कर दिया और लिख कर मैजिस्ट्रेट को दे दिया । अगर डी० आई० आर० का इस्तेमाल ऐसे कामों में किया जायेगा तो खुदा खैर करे ।

मान्यवर, इसी तरह से मिर्जा पुर के चुनार स्थान में एक निर्दलीय स्वतन्त्र व्यक्ति श्री जीउत राम को गिरफ्तार किया गया है । वह राष्ट्रवादी विचार का व्यक्ति है और पता नही उसके खिलाफ़ कौन से चार्जेज हैं । मिर्जापुर जनपद के सभी कांग्रेसियों और कम्युनिस्टो ने मिल कर लिख कर दिया है कि इनका सम्बन्ध न आर० एस० एस० से है और न आनन्दमार्गियों से है लेकिन फिर भी वे जेल में रखे गये हैं ।

अब मैं बिहार की नजीरों के बारे में आपको बताता हू । बिहार कम्युनिस्ट पार्टी के सेक्रेटरी श्री जगन्नाथ सरकार ने जो सूचना हम लोगों को भेजी है, वह बहुत लम्बी है और मैं उसको पूरा नहीं पढ़ूगा लेकिन मैं इतना कह देना चाहता हू कि मधुबनी जिले के बारे मे, औरंगाबाद जिले के बारे में, सीतामढ़ी जिले के बारे में, सिंहभूम जिले के बारे मे और सारन जिले के बारे में यह लिखा है कि वहा पर हमारे बहुत से साथियो को गिरफ्तार किया गया है । वे लोग कम्युनिस्ट जिला कमेटी की कार्यकारिणी के मेम्बर है, जिला कमेटी के सचिव मडल, सेक्रेटेरियेट के मेम्बर है, जिला कौसिल के मेम्बर हैं या उन जिला कमेटियों के कर्मठ सदस्य हैं । हमारे खुद उत्तर प्रदेश में इटावा और बस्ती में दो प्रमुख साथियों को गिरफ्तार किया गया है डी० आई० आर० और मीजा में । मेरा कहना यह है कि ऐसे दुरुपयोगों को सरकार को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिये । पांच पांच पैसे अधिक दाम लेकर साबुन के बेचने वालों को तो गिरफ्तार कर लिया जाता

[श्री झारखंडे राय]

है परन्तु एक रुपया अधिक दाम पर रेणुकोट में, जो बिरला का सुपर मार्केट है, बेचनेवालों को गिरफ्तार नहीं किया जाता है। पांच पैसे अधिक पर बेचने वालों को गिरफ्तार करके फिर अच्छी मोटी मोटी रकमें लेकर उन्हें छोड़ दिया जाता है। इस तरह से वहां रेणुकोट के स्थानीय दारोगा श्री नवल किशोर सिंह और उनके संगी साथी मालामाल हो रहे हैं, राजा हो गये हैं। इसी एक माह में। वहां की यूनियन वालों ने 123 बोरा नमक और 10 बोरी चीनी पकड़ी लेकिन पैसे लेकर उनको पुलिस ने छोड़ दिया। इस तरह से डी० आई० आर० और मीसा का मिसयूज नीचे के स्तर पर होना शुरू हो गया है। मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि इसकी पूरी रोकथाम होनी चाहिये। अभी महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री ने इस बात पर बहुत प्रबल रूप से आग्रह किया है कि हम किसी तरह से डी० आई० आर० और मीसा को दुरुपयोग नहीं होने देंगे और हम ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ़ सख्त कार्यवाही करेंगे, जो ऐसा करेंगे। मैं चाहूंगा कि सरकार इस ओर ध्यान दे।

मान्यवर, मिर्जापुर और रेणुकोट में जो प्रतिबन्धित सस्थाएं हैं, बैंड संस्थाएं हैं जैसे कि आर० एस० एस०, उनके लोग खुले आम घूम रहे हैं। आप श्री अजीज इमाम साहब से, जो कि आपके आदमी हैं, पूछ लीजिये और वह मेरे शाहिद होंगे।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि रेणुकोट की जो जन संघर्ष समिति है, उस का निर्माण संग्राम सिंह कोठारी ने करवाया, उसकी स्थापना उन्होंने करवाई और वे अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं। है हिम्मत आप में उनको हाथ लगाने की। आप साहस कीजिए, हम आपके साथ रहेंगे। उस संघर्ष समिति का एक आदमी भी अभी तक नहीं पकड़ा गया है। ऐरे, गैरे गिरफ्तार कर लिये जाते हैं और जो मुख्य कर्णधार उन संस्थाओं के हैं, जिन पर सरकार ने प्रतिबन्ध लगाए हैं, वे घूम रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री बहुगुणा जी ने अभी इंडस्ट्रियल और लेबर लीडर्स के बीच में संग्राम सिंह कोठारी और बिरला प्रबन्धकों से हिंडालको क्षेत्र में कम से कम शान्ति कायम रखने के लिए कहा था और कहा था कि इस इमर्जेन्सी में श्रम और पूंजी में एका होना चाहिए। उस की चर्चा मैंने कल की थी। जब मजदूर मित्रता का हाथ बढ़ाते हैं तो पूंजी के दानव उनका हाथ नहीं पकड़ते बल्कि उल्टे उनको लात मार देते हैं।

डी० आई० आर० का इस्तेमाल हमारे देश में जो गन्दी, अश्लील कामुक और फूहड़ किस्म के चलचित्र बनाये जा रहे हैं, उन को खत्म करने में करना चाहिए। इन सड़े-गले चल-चित्रों ने हमारे देश की तीन पीढ़ियों को खराब किया है। हम और आप उसमें नहीं आते हैं। वे तीन पीढ़ियां हैं युवा, किशोर और बाल पीढ़ी। इन का सत्यानाश हो रहा है। इसके अलावा हमारे देश में पत्र-पत्रिकाओं में और विज्ञापनों में अर्द्ध-नंगी स्त्रियों के कामोत्तेजक चित्र छपते रहते हैं ब्लिट्ज अखबार की नकल अब अन्य साप्ताहिकों ने कर ली है। आज हमारे देश की प्रधान मंत्री एक वीरशूर और साहसी महिला हैं और यह इन्टरनेशनल वीमेन इयर है। ऐसे वक्त में, कम से कम हमारे देश में, इस तरह में नारी जाति का अपमान बन्द होना चाहिए। इस विषय में डा० राजेन्द्र प्रसाद ने बहुत पहले एक बात कही थी, जब वे राष्ट्रपति थे। उन्होंने कहा था कि 'मेरा बस चलता तो मैं हिन्दुस्तान के तमाम सिनेमाओं को बन्द कर देता'। उस समय मैं उत्तर प्रदेश की विधान सभा का मेम्बर था। मैंने विधान सभा में कहा कि वह समय कब आएगा? हिन्दुस्तान के सर्वोच्च पद पर बैठा हुआ व्यक्ति भी यह कहे कि अगर मेरा बस चलता तो मैं सारे सिनेमाओं को बन्द कर देता यह कैसे आश्चर्य की बात है। मैं चाहूंगा कि इस विषय की ओर सरकार ध्यान दें। साथ ही गन्दे, अश्लील और भद्दे डिजाइन के हजारों किस्म के कपड़ों का बनना उन्हें युवकों को

पहनने देना या हिप्पी-कट बाल रखना--- पर भी प्रतिबन्ध लगाना चाहिये । इससे देश की युवा पीढ़ी में जनखापन आ रहा है । रैगिंग की अमानुषिक प्रथा सख्ती से दबायी जानी चाहिये ।

अफवाहों को रोकने का प्रयास करना चाहिए । अफवाहें बेहद फैलती जा रही हैं । और फैली हुई हैं । दूर सुदूर गांवों में, यू०पी० के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट्स में आप चले जाइए तो वहां यह अफवाह फैली हुई है और विश्वास के रूप में लोगों में यह बात जमी हुई है कि श्री जगजीवन राम और चौहान साहब गिरफ्तार हैं । उनको समझाया जाता है लेकिन वे मानते नहीं हैं और कहते हैं कि आप झूठ बोलते हैं और अख़बारों में जो बयान छपते हैं, वे झूठे हैं । आपको पता होगा कि 1942 में अंग्रेजी सरकार ने अपने मामलों का अधिकृत वक्तव्य देना शुरू कर दिया था । इस तरह से अख़बारों में सरकार की चीज छपे, तो कम से कम कुछ भ्रम फैलने से तो रुकेगा वरना एक आधार भ्रम फैलाने वालों को मिलता रहेगा और असत्य देश में फैल रहा है । इस तरह से जो मंशा आप के डी०आई०आर० और मीजा की है, वह पूरा नही होगा । गोपालन जी ने इसी सदन में कहा कि उनकी पार्टी के 3 हज़ार लोग गिरफ्तार हैं । यह सही है । गिरफ्तारियों की संख्या प्रदेश और जिलावार सरकार की ओर से छपनी चाहिये ।

मान्यवर, आज सेंसर से हालत चौपट हो गई है । जो हम बोलते हैं उस की दो लाइनें भी नहीं निकलती हैं जब कि श्री जगजीवन राम और दूसरे मंत्रियों के लम्बे भाषण निकलते हैं । अगर दो लाइनें औरों की भी निकल जाएं, तो कौन सा आसमान फट जाएगा या धरती आसमान पर चली जाएगी । मा० कृष्णकान्त के लिए सस्पेंडेड कांग्रेस मेम्बर जब लिखते है, तो वह भी काट दिया जाता है । दक्षिण पंथी विरोध पक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया, अथवा बहिष्कार किया, इसके छपने से तो भारत की राजनीति और स्पष्ट होती है । कम्यूनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय प्रस्ताव से "अमरीकी" शब्द साम्राज्यवाद के पहले हटाया जा रहा था । इस तरह सेंसर का बहुत दुरुपयोग हो रहा है और मैं इसकी घोर निन्दा करता हूं । सेंसर की भी कुछ सीमा होनी चाहिए । अंग्रेजों ने भी इतना बड़ा सेंसर 1942 के विद्रोह में नहीं लगाया था । उस समय हम जेल के अन्दर थे और मान्यवर आप भी रहे होंगे । हम लोग छिप कर चोरी से अख़बार मंगाते थे, लेकिन उस समय इतना सेंसर नही था जितना कि आजकल है कि कोई बात अख़बार में निकलती ही नहीं हैं । यहां दिन भर बैठ कर बक-बक कर लो लेकिन उसका एक अक्षर भी अख़बार में नहीं आएगा । इससे क्या भला हो रहा है और किसका हित हो रहा है सुना है इंदिरा जी का भाषण भी सेंसर हो गया । मेरा कहना तो यही है कि इससे अफवाहें फैलेंगी और अफवाहों के लिए आधार सरकार दे रही है । बी०बी०सी० और अमेरिकन अख़बारों में ग़लत ख़बरों के छपने को रोकने का प्रयास आप कर रहे हैं? सरकार ने क्या उसका विरोध किया है? क्यों बी०बी०सी० और अमरीका ऐसी ख़बरें फैला रहा है कि जय प्रकाश जी मर गये हैं, जय प्रकाश जी भूख-हड़ताल पर हैं और मुरारजी देहाई भूख हड़ताल कर रहे हैं । इस तरह की ख़बरें फैलाई जा रही हैं । इसकी आप काट नहीं करेंगे, तो आपका भला कभी पूरा नही होगा । इसलिए हम चाहते हैं कि इन तमाम चीजों की ओर सरकार हिम्मत और बुद्धिमानी के साथ कदम बढ़ाए और सेंसर का दुरुपयोग नही होने देना चाहिए । सेंसर के लिये बहुत से रिटायर्ड खूसट अधिकारी और कर्मचारी बुला लिये गये हैं और इसमें उनका निहित स्वार्थ हो गया है कि यह सेंसर बना रहे और इमर्जेन्सी बनी रहे ताकि उनकी नई रोटी चलती रहे । सरकार इस विषय के बारे में पोलिटीकल ढंग से सोचे

[श्री झारखंडे राय]

और केवल प्रशासनिक ढंग से ही न तब इस इमर्जेन्सी का इस्तेमाल अच्छी तरह से किया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय : मैं आप से यह कहता हूं कि आप का इतना लम्बा बयान हो गया है, अब आप समाप्त कीजिए। अभी और भी काफ़ी बोलने वाले है।

श्री झारखन्डे राय : मैं दो-दो लाइनों में ही अपनी बातें कह दूगा।

अध्यक्ष महोदय : एक मिनट में आप अपना भाषण खत्म कर दीजिए।

श्री झारखन्डे राय : मुझे दो मिनट और दिये जाएं।

अध्यक्ष महोदय : चलिये, दो मिनट में ही खत्म कीजिए।

श्री झारखन्डे राय : मान्यवर, मैं चाहता हूं कि अधिकारियों और कर्मचारियों में जो छिपे संघी और आनन्दमार्गी विचार के लोग हैं, उनको अभियान चला कर सरकारी सेवाओं से अलग किया जाना चाहिए।

श्री के० आर० गणेश के जमाने मे जो अभियान तस्करों के खिलाफ़ चलाया गया था और जो उसके बाद मंद हो गया है, उसको फिर से बड़े पैमाने पर इन अधिकारों का इस्तेमाल करके शुरू करना चाहिए।

महेश योगी, सांईंबाबा, बाल योगेश्वर और सब से महत्वपूर्ण जयगुरुदेव पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। जय गुरुदेव आजकल पोलिटीकल प्रचार कर रहे है और भयकर जहर उगल रहे हैं। उन पर प्रतिबन्ध लगना चाहिए। आनन्दमार्ग, आर०एस०एस० और जमायते इस्लामी की सभी सम्पत्ति जब्त होनी चाहिए।

एक माननीय सदस्य : जो मंत्री लोग साईंबाबा के चेले हैं, उनके बारे में क्या हो ?

श्री झारखंडे राय : यह तो वह जाने। जय प्रकाशजी के साथ जो जेल में व्यवहार हो रहा है या मुरारजी देसाई के साथ जो व्यवहार हो रहा है और यह कहा जाता है कि उनको विदेशी एयरकंडिशंड कार में ले जाया गया या एयर कंडिशंड स्थानों पर उनको रखा गया है इसके बारे में मुझे फिलहाल कुछ नहीं कहना है। लेकिन कलकत्ता में और उसके पास के जिलों में जो दो सौ नक्सलवादी काले पानी की सजा पाये पड़े हुए हैं उनके साथ जो अमानुषिक व्यवहार हो रहा है वह नही होना चाहिए। बिहार के भोजपुर जिले में मुसहरी गांव में बारह तथाकथित नक्सलवादियों को पकड़ कर गोली से मार दिया गया। तीन को तो जिन्दा जला दिया गया और कह दिया गया कि ये लोग मुठभेड़ में मारे गये हैं। इस तरह की राक्षसी और नृशंस हत्याओ की बात नही होनी चाहिए। यह तो इवन स्टैंडर्ड है यह नहीं चलेगा। कम से कम जेलो में कैदियो के साथ उस तरह का व्यवहार तो होना चाहिए जिस तरह का अंग्रेज के जमाने में कैदियो के साथ किया जाता था। आज के जमाने मे मामूली कैदियों के साथ जिस तरह का व्यवहार जेलखानो में होता है उस तरह का व्यवहार तो इन नक्सलवादियों के साथ होना ही चाहिए।

श्री जगजीवन राम ने जो यह कहा है कि एक ही पार्टी की सरकार बनेगी तभी वह स्थायी सरकार रह सकेगी ठीक नही है। अब तक का अनुभव यह बताता है कि एक ही पार्टी की सरकार भी अस्थायी सरकारें रही हैं और बहुत सी पार्टियों को मिला कर जो सरकारें बनी हैं वे भी अस्थायी सरकारें रही हैं। प्रैगमेटिक एकता, कार्यक्रमों की एकता सरकार के स्थायी होने का एकमात्र गूर है। केरल की सरकार इसका नमूना है कि बहुदलीय सरकार होने पर भी वह स्थायी है। गैर कांग्रेसी और कांग्रेसी सरकारें भी स्थायित्व प्रदान नहीं कर सकी हैं। इस वास्ते जगजीवन रामजी का यह कहना सही नहीं है कि

उनको एक पार्टी की सरकार ही स्थायी हो सकती है। स्थायित्व सरकार को प्रदान करना हो तो प्रैगमेटिक एकता का होना बहुत जरूरी है।

SHRI Y. S. MAHAJAN (Buldana): Mr. Speaker, Sir, I rise to support the Defence of India Bill. The original Act of 1971 had made arrangements for public safety, civil defence, maintenance of essential supplies. That Act was patterned on the Defence of India Act 1962.

This amendment is made to cover the internal problems which are likely to arise after the declaration of emergency in this country. It is necessary because the defence of any country depends on its internal stability and our internal stability was threatened by what was happening in this country during the last two or three years. We know that any small excuse was sufficient to organise opposition to strikes, bandha, gherao or even a civil disobedience movement. All these movements often resulted in violence. We know, for instance, in Gujarat young men were organised and asked to harass the elected members of the Legislature, who, as a result, had to resign and ultimately, the Assembly had to be dissolved. In a country where elected members of the legislature are not allowed to work, democracy cannot survive. Attempts were made to repeat the same thing in Bihar, but, fortunately; there the Assembly has not been dissolved. The leader of the Movement, Shri Jayaprakash Narayan, had the intention to organise such movements in all the States of this country. As a result of that, we find that all over the province we had a spated of gheraos, marches, bandhs and all that. Recently, they had decided, particularly on 24th June, to launch a civil disobedience movement. Shri Jayaprakash Narayan even asked the Army and the Police not to obey orders. He has very cleverly used the word 'illegal'. How can the Army and the Police distinguish between legal and illegal orders? That was a challenge to the established authority of the country, it was a challenge to the democracy of the country. It was nothing but a determined attempt to create chaos in his country. Naturally, Government had to consider it very seriously, otherwise it would have invited foreign aggression. Government was, therefore, right in declaring Emergency and in amending the Defence of India Act by an ordinance, *i.e.* the amendments which the hon. Minister has brought before the House. That this amendment has been justified is proved by facts or by what has happened in this country after the declaration of the Emergency and the ordinance. We find that in the last few days, there has been complete law and order in this country—no disturbances from any part of the country, no more strikes and no more gheraos or civil disobedience movements. Secondly, sir, we have succeeded in bringing down the price line by heroic efforts during the last year. Government have brought down the price level considerably, at least so far as the wholesale prices are concerned; and during the last fortnight, even retail prices are coming down in different places, in different proportions. Sir, if you think of other countries of the world—take the case of Great Britain; there, the Government has got into serious difficulties because of steep inflation. In most of the countries, during the last year, inflation has taken place at the rate of 15 per cent to 20 percent. During the same period, in our country we have succeeded in bringing down the price level; and during last year there has been no rise in prices. I think it is a great achievement on the part of the Government. This would not have happened if the Government

[Shri Y. S. Mahajan]

had not made heroic efforts in the last 8 or 9 months. This great achievement cannot be minimized, whereas the Opposition parties always try to minimize the achievements of the Government in this country in the field not only of prices; but of economic development as well. They thought that their only work was to foment trouble, create disorder and to see that discontent increased and democracy in this country came into disarray and danger. Then, sir, production has also increased; and in the last 3 weeks particularly, there has been discipline in industries all over the country. Sir, during this session or as soon as the rainy season starts, schools and colleges also start functioning. And usually not a day passes when we do not hear about morchas by students, or students creating trouble in colleges, or closing down of some university or gheraoing some vice-chancellor or putting the university buildings on fire. No such incident has occurred during this month. There has been a great improvement in the law and order situation. Therefore, I say that this amendment, *i.e.* the application of the Defence of India Act to internal security is justified in view of what has happened during the last few weeks. With these remarks, I support the amendments.

श्री इसहाक सम्भली (अमरोहा): दो तीन मिनट में मैं अपनी बात अर्ज करूंगा। डी०आई०आर० का जो एमेंडमेंट लाया गया है इसको हम स्ट्रांगली स्पोर्ट करते हैं। लेकिन साथ ही हम यह भी चाहते हैं कि इस डी० आई०आर० के जरिये कामन मैन को भी कुछ राहत मिले। आज आलम क्या है? डी०आई० आर० में वे लोग पकड़े जाते हैं जैसा अभी मुझ से पहले राय साहब ने कहा जो पांच-पांच पैसे साबुन के अधिक ले लेते हैं या जो अपनी दूकानों में सौ रुपये का सामान रखे हुए हैं। मैं बड़े ही अदब से मालूम करना चाहता हूं कि इसी दिल्ली शहर में कितने होलसेलर्ज को, कितने बड़े ट्रेडर्ज को, कितने लोहे के सिंडीकेट वालों को डी०आई०आर० में पकड़ा गया है? सब से बड़ी बात यह है कि हमारे जो अफसर हैं वही उनको प्रोटेक्शन देते हैं। मैं अज करूंगा कि अगर एक एक एम०पी० से इस सिलसिले में आप मालूम करें तो आपको पता चलेगा कि जिले के जिले ऐसे हैं जहां आर०एस०एस०, आनन्द मार्ग वगैरह का एक आदमी भी नहीं पकड़ा गया है और उन जिलों में मुरादाबाद भी एक जिला है जहां पर एक भी शख्स आर०एस०एस० का नही पकड़ा गया है। मैं ने श्री बहुगुणा से कहा। उन्होंने कहा कि आप कलेक्टर से बात कीजिए, मैं भी करता हूं। जब मैंने कसूक्टर को बताया, तो वह जवाब देते हैं कि मौलाना साहब, वे सब तो रूपोश है, सब छिपे हुए हैं। मैंने एक साहब का नाम बताया और कहा कि वह आर०एस०एस० के एक्टिव मेम्बर है, वह एम०एल०ए० रहे हैं, आज नही है, वह अभी कचहरी में मौजूद हैं। मैंने कहा कि आप मेरे साथ चलिये, मैं अभी आप को दिखा देता हूं; अगर किसी और को कहा जायेगा, तो वह फ़ौरन उनको ग़ायब होने ने लिए कह देगा।

मैं सब के बारे में नहीं कहता हूं, लेकिन एक बड़ी तादाद अभी भी उन लोगो की मौजूद हैं, जो इन 27 सालो में वन कल्चर मूवमेंट, हिन्दी-हिन्दू-हिन्दुस्तान की मूवमेंट के सिलसिले मे काम करते रहे हैं, जिनके दिमाग़ अभी भी उन ख्यालात से मुतासिर हैं। यू०पी० मे एक डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट हैं—मैं उनका नाम लेकर बता सकता हूं—, जो अपनी इब्तदाई उम्र में आर०एस०एस० के एक्टिव मेम्बर रहे हैं, और इस वक्त वह यू०पी० के एक बड़े जिले के डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट हैं, और जैसा कि कहा जाता है, उनके वालिद आज भी जनसंघ के एक बड़े लीडर हैं।

मैं यह नहीं कहता हूं कि सब को फांसी दे दी जाये। लेकिन यह एक बहुत अहम मसला है। मिनिस्टर साहब डी०आई०आर० में एमेंडमेंट लाये हैं। मुबारक है। सरकार ने मीसा में एमेंडमेंट किया और हम ने उसको सपोर्ट किया, हालांकि मैंने होम मिनिस्ट्री की कनसल्टेटिव कमेटी के मेम्बर की हैसियत से पूरी कुव्वत के साथ कहा था कि हम पी०डी० एक्ट की भरपूर मुखालिफत करेंगे, चाहे यह कानून किसी भी नाम से और किसी शक्ल में आये। लेकिन जब हम ने देखा कि राइट रीएक्शन इस मुल्क को तबाह करने के दर पे है, और हालत बदल गई है, तो, हमें यह कहते हुए फख्र है कि हम इस बारे में शायद कांग्रेस वालों से भी आगे बढ़ कर इन बातों को सपोर्ट कर रहे हैं और करेंगे। मगर यह कांग्रेस वालों पर और ट्रेजरी बैंचिज पर कोई एहसान नहीं है। अपने मुल्क को बचाना और उसकी हिफाजत करना हमारी भी ड्यूटी है, हमारा भी फरीजा है।

लेकिन डी०आई०आर० का या प्राइम मिनिस्टर के हिस्टारिकल 20-पायंट प्रोग्राम का इम्प्लीमेंटेशन किसके जरिये से होगा? उनका इम्प्लीमेंटेशन आफिशल्ज के जरिये होगा। मैं यह मानता हू कि सब आफिशल्ज खराब नहीं हैं। अखबारों मे रोज आ रहा है कि इतने आफिशल्ज को वक्त से पहले इम्पलसरी तौर पर रिटायर कर दिया गया। ब्लिट्ज में छपा है कि बोकारो स्टील प्लांट मे कोई साहब, मि० आहूजा थे, जो एक करोड़ रुपये का गोल माल करके अब तशरीफ ले गये हैं। उनको यह बहुत बड़ी सजा दी गई कि उनको रिटायर कर दिया गया। इसी तरह रेलवे का एक स्टेटमेंट है—मैं नहीं जानता—कि नार्दरन रेलवे के जनरल मैनेजर, श्री परमेश्वरन, के बारे में शिकायतें थी और उनको रिटायर कर दिया गया। यह तो बड़ा अच्छा बिजिनेस है कि करोड़ों रुपयों का गोल-माल कीजिए और फिर रिटायर हो जाइये!

मैं चाहता हूं कि होम मिनिस्टर कोई मिसाल दें कि हिन्दुस्तान के पच्चीस हजार से ऊपर गजेटिड आफिसर्ज में से किसी को मीसा या डी०आई०आर० में बन्द किया गया। मैं जानना चाहता हूं कि कितने बड़े कैपिटलिस्ट्स को, जिन्होंने लोगों को लूटा है, मीसा या डी०आई०आर० में बन्द किया गया है। गवर्नमेंट कामन मैन को राहत पहुंचाने के लिए और इन जालिमों को नीचा दिखाने के लिए डी०आई०आर० का इस्तेमाल करे और ज्यादा से ज्यादा मजबूत कदम उठाये; हम पूरी तरह उसको सपोर्ट करेंगे। इस बारे में हम और कांग्रेस बिलकुल एक हैं।

लेकिन मालूम हुआ है कि जिला बहराइच में मस्जिद के एक इमाम, जो नमाज पढ़ाते हैं और जिन्होंने कोई काम नहीं किया, मीसा में बन्द कर दिये गये। मैं श्री बहुगुणा के पास मौजूद था। उन्होंने पूछा कि इस इमाम का क्या कुसूर है, वह तो मस्जिद में नमाज पढ़ाता है, यह नामुनासिब है।

इसी तरह जिला बरेली के एक साहब, मिस्रयार खां, एम० एल० ए०, को बन्द कर दिया गया। वह बी० के० डी० के हैं। बी० के० डी० का शायद हमसे ज्यादा मुखालिफ कोई नही होगा। उनका कुसूर क्या था? जिला बरेली के ही एक मिनिस्टर को उन्होंने हराया था। उनकी उम्र अस्सी साल है और उनको नजर भी नहीं आता है। उन्होंने बी० के० डी० की मीटिंग में डंके की चोट पर कहा था कि प्रैजिडेंट के इलैक्शन में मैं श्री फखरुद्दीन अली अहमद को वोट दूंगा और इस बारे में किसी की बात नहीं मानूंगा। यह एलान करके उन्होंने श्री फखरुद्दीन अली अहमद को ही वोट दिया था। लेकिन उनको भी बन्द कर दिया गया और कहा गया कि वह बड़े गड़बड़ आदमी हैं। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट आहिस्ता से टेलीफ़ोन पर कहते हैं कि उन्होंने फ़लां मिनिस्टर को हराया था। श्री बहुगुणा

[श्री इसहाक सम्भली]

ने कहा कि ऐसी बात नहीं होनी चाहिए। तब उन को रिलीज कर दिया गया।

सवाल यह है कि जो आफ़िसर्ज इतने गलत तरीके से लोगों को गिरफ्तार करें और लोगों को हैरास करें, उसके खिलाफ क्या ऐक्शन लिया गया है। वैसे, हम मुस्लिम लीग के हामी नहीं हैं, हम उस के सख्त मुखालिफ़ हैं। लेकिन मुस्लिम लीग हमारी एलाई है, कांग्रेस की एलाई है। हम उसके साथ मिलकर सरकार चला रहे हैं। क्या सरकार की यह पालिसी थी कि मुस्लिम लीगियो को पकड़ा जाये ? उत्तर प्रदेश में मुस्लिम लीग के प्रैजिडेंट, डा० शमीम अहमद खां, को पकड़ा गया। जब मुझे मालूम हुआ, तो मैं ने श्री बहुगुणा को फ़ोन किया, और यहां से और साहबान ने को फ़ोन किया। तब उन को छोड़ा गया।

जो आफ़िसर इस तरह से मनमानी करें, ग़लत तौर पर गिरफ्तारियां करें और श्रीमती इंदिरा गांधी को, और उन के प्रोग्राम को, लोगों में अनपापुलर करने की कोशिश करें, जो मीसा और डी० आई० आर० मिसयूज़ करें, क्या उनके बारे में भी यह सोचा जायेगा कि उन से जवाब तलब किया जाये ?

मुल्क के डिफ़ेंस और आजादी की हिफ़ाजत के लिए और मुल्क को राइट रीएक्शन से बचाने के लिए सरकार जो भी कदम उठायेगी, कम्यूनिस्ट पार्टी पूरी कूव्वत के साथ उस के साथ रहेगी। मिनिस्टर साहब इस बारे में एक एमेंडमेंट, दूसरा अमेंडमेंट और तीसरा एमेंडमेंट लाये, हम उन के साथ है। लेकिन हम इन कानूनों का मिसयूज नहीं होने देंगे—हम यह नहीं होने देंगे कि जो लोग आम जनता को परेशान और तबाह करें, उन को आजादी रहे।

20-पायंट प्रोग्राम का नतीजा यह हुआ था कि चीजों की कीमतें कुछ नीचे आईं और कामन मैन ने रिलीफ़ महसूस किया। चीनी की कीमत 4.10 रुपये किलो तक पहुंच गई थी। लेकिन कल सुबह मैंने मंगाई तो वह फ़िर 4.50 रुपये तक पहुंच गई है। लोगो में यह जो धारणा है कि हफ्ते, दो हफ्ते की बात है और फ़िर वही पुरानी हालत हो जायेगी, इस को रोकना होगा।

इस बिल को सपोर्ट करते हुए मुझे उम्मीद है कि इस का इस्तेमाल सही तरीके से होगा और पब्लिक को परेशान करने वाले आफ़िसर्ज और ट्रेडर्ज के खिलाफ़ डी० आई० आर० और मीसा का इस्तेमाल होगा। मैं अर्ज करूंगा कि जो आफ़िसर, बड़े ट्रेडर और कैपिटलिस्ट पकड़े जायें, उन के नाम अखबारों, ए० आई० आर० और टी० वी० में दिये जायें और बताया जाये कि ये लोग फ़लां जुर्म में पकड़े गये है। सब तरह के अफ़सरों को पनिश किया गया है, लेकिन नाम किसी का नहीं दिया गया है। उन लोगों के नाम जाहिर करने चाहिए और कामन मैन को राहत पहुचाने के लिए एक्शन लेना चाहिए। इन अलफ़ाज के साथ मैं इस बिल को सपोर्ट करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : कांग्रेस बैंचिज में सब से आखिरी बोलने वाले मेम्बर का नाम सब से नीचे दिया हुआ है। इस तरह मैं उन को सुनने से महरूम रह जाऊंगा। क्या आप अंदाजा लगा सकते हैं कि वह कौन है ?—वह सरदार स्वर्णसिंह सोखी हैं।

SHRI GIRIDHAR GOMANGO (Koraput): Mr. Speaker, Sir, I rise to support the Defence of India Amendment Bill. The MISA and the DIR, these two Amendment Bills are two wings to bring discipline in the state of emergency. The amendment is brought to bring peace in the country for the development of the country. The Defence of India Act was necessary at the time of emergency when there was external aggression. But, at present, the Amendment Bill seeks to check internal disturbances. The Amendment Bills and the emergency which

we discussed in the House will be effective in the country in the period of emergency.

This emergency is declared for the first time in India after independence especially to check the internal disturbances. It was necessary because there are certain political parties which politically abuse the Ruling Party and try to establish their own image in the political field, and polluted the political scene in this country by which the democracy will be destroyed.

[SHRI ISHAQUE SAMBHALI *in the Chair.*]

In politics, everything is not necessary. There is some limit to everything. There should be a check and this emergency is the check to the same thinking.

Sir, I heard one philosopher's remark. He said that there should be a watch for five everythings, and he literally, letter by letter, analysed what "WATCH" meant. That means if you watch your Words, watch your Action, watch your Thought, watch your Character and watch your Heart, then actually everything will be set right. It was Political Science. But now the "politics becomes the science of who gets what, when and why" This is another thinker's version. There is no doubt in my mind that the Defence of India Amendment Bill and the MISA will bring peace in the country.

India is a big country. When some disturbance occurs in the country, may be very few tolerate it but a large number cannot tolerate it. If we watch certain politicians, certain political parties, we will see that it is they who created chaos in the country. Is it not essential to check this chaos in the country? It is for this purpose that emergency was imposed. The 20-point economic programme announced by the Prime Minister will be implemented immediately by using these powers. Previously, it was due to certain elements that the economic programmes and policies which the Congress Government had adopted and which aimed at eradicating social injustice, economic inequality, could not be implemented fully. It will now be possible to implement it fully within a short period.

I have seen that there was escapism indulged in both by bureaucrats and democrats. By bureaucrats, I mean officers, they have escaped from the people by shifting the responsibility. By democrats, I mean politicians and political parties, certain political parties and politicians have escaped from the people by blaming each other. This cannot help the progress of the country. There should be responsibility of the politicians as well as the bureaucrats, the officers, to the people. When I spoke on the MISA, I had said that there are four Ps who are responsible for the progress of the country. One 'P' is the people; the second 'P' is the politicians or the political parties; the third 'P' is the press and the fourth 'P' is the personnel and the policies for the people. If there is no discipline of these four Ps, the country cannot progress at all. The MISA and the DIR will definitely bring about discipline amongst these four Ps by which there is no doubt that we will achieve something within a short period.

About fascism, a lot has been said. With your permission, Sir, I would like to quote what fascism is. I would like to give a few quotations:

"The fascists cannot argue;
so, they kill."

(Victor Margueritte)

[Shri Giridhar Gomango]

"Fascism is capitalism plus murder."

(Upton Sinclair)

"The love of money is the root of all fascism."

(Grant Singleton)

This is the fascist trend which was likely to set in the country, I have great respect for the press. But you will recollect what role had been played by the press. Last year, in the *Hindustan Standard,* one single line created disturbance between Orissa and West Bengal. If such type of news and views are to be carried by the newspapers which will pollute the minds of the innocent people, then, I think, the press publicity is unnecessary for our country. Newspapers have to carry news from North, East, West and South, and if a newspaper carries views as news, then it is not a newspaper at all.

In the present situation, people are very anxious to see development by the four 'P's. I think, only discipline will bring about this sort of thing.

My hon. friends have expressed some doubts about the use of DIR and MISA. They say that these should not be used for political purposes. Yes; I agree; these should not be used for political purposes But, at the same time, I would like to say that one cannot escape under political protection. If a person does some bad thing which is anti-national and anti-social, he may be a politician, but he cannot escape from the law on the plea of 'political' protection. There may be some misuse, but we cannot say that these Bills which Government have brought before the House would be used for political purposes. There is a Sanskrit verse, *Bishakumbham Payomukham:* suppose, there is a pot which contains poison but which has, on the top, some honey, we cannot say that it is a honey-pot; it is a poisonous pot.

I am sure the MISA and the DIR will check all the evils.

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT (Kozhikode): Mr. Chairman, while speaking on this Defence of India (Amendment) Bill, I would like to point out that nobody will grudge giving more powers to the Government or making the laws more stringent when there are extraordinary situations prevailing in the country; when not only the integrity of the country is threatened but the well-being of the people is also in danger. Strong action has to be taken definitely against those mischievous elements which spread hatred, which want, and try to see, that lawlessness prevails in the country; and action has also to be taken against the profiteers and the hoarders. These things have to be done, and sometimes such action becomes necessary. But what we fear is that, when we give more and more powers to the Government and the officials, there might be abuse of power and the power might be misused. Not only the officials may tend to become more brutal and prejudicial against some persons, but it is also possible that the State Governments also may use these powers against their political opponents. Therefore, safeguards must be there against such misuse and abuse. The Central Government has to keep a very strict watch to see as to how these powers are used. But I want to point out one thing. As far as the bureaucrats are concerned, it may be that many of them are fair-minded and are responsible, but nobody can deny—and it is an admitted fact—that the RSS mentality has infiltrated into the officials also. That is why, we see today that, while innocent people are being arrested and put behind the bars, many of those who have been responsible for spreading

hatred in this country, from whose offices arms and swords have been recovered,—the leaders of such parties, militant communal parties, I mean the RSS—are just walking free in various parts of the country. Therefore, what I fear is that the officials are not utilising the powers given to them in a proper manner; they utilise the powers only to take revenge against their enemies. They do not take action against forces like RSS and Anand Margis. The main object of the emergency, as I feel, is to crush this extreme element of right reactionaries and left extremists. This is what the Government wanted to do, but sometimes because of the latitude given by the officials to these elements, these powers are not properly used against the disruptive forces and they are instead misused against the innocent.

Mr. Chairman, Sir, you just now pointed out that Dr. Shamim Ahmad Khan, our President of UP Muslim League was arrested. In the same manner, our President of Rajasthan Muslim League, Mr. Manzur Alam was arrested. Both of them were released at the intervention of the Central Government. When this was mentioned to the Prime Minister, she was surprised that such a thing should have happened, because they had issued no orders against Muslim League. I met the Home Minister, Shri Reddy, Minister of State Home Affairs, Shri Om Mehta assured me that there was nothing against the Muslim League, but what is going on? Our President of Delhi Pradesh Muslim League was arrested, of course, released in Delhi later. But, Sir, the Muslim League Member of the Metropolitan Council, Dr. Mohammed Ahmad and Mr. Iqbal Ahmad, our General Secretary are still behind the bars, under MISA. The Prime Minister says, she has nothing against us; the Home Minister says that instructions have been issued to officials for the release of arrested Muslim Leage leaders and workers but the local authorities are adopting delaying tactics. One month has passed and we have met the various authorities and assurance was given to us that they would be released very soon. Why this is happening, I cannot understand.

The Prime Minister is the supreme head of the Government. The Home Minister is there to look after the law and order situation. When the local administration behaves like this, it is really surprising. Moreover, we are given an assurance that no more arrests will be made as far as Muslim Leaguers are concerned, but our executive Committee member was dragged from the house without any notice. Two or three persons were arrested from *Jamuna par* area at Jafarabad and two persons were arrested from Balimaran area. They were brought to the court and released on bail. Then they have been re-arrested under DIR. We cannot understand, such a behaviour. All this misuse of power has to be looked into.

No doubt, we feel that at the time of emergency when extraordinary situation is prevailing in the country, Government should give more powers to officials, but they should also see that these powers are not misused That is why, we sometimes feel very much hesitant to support such measures which give more powers to officials. Therefore, I would request the Home Minister to see that these things are set right and injustice is not done to anybody

जैसा मैंने कहा बाहरी खतरे से इटरनल इनसिक्योरिटी अधिक खतरनाक होती है। इंटरनल इनसिक्योरिटी हमारे यहां क्यों पैदा हुई। कुछ तंत्र ऐसे थे जो वर्तमान शासन को नही चाहते थे। इस शासन को वे वोट के द्वारा जग बदल नही पाए तो उन्होंने दूसरे तरीकों का सहारा लिया। एक दूसरा ही रास्ता उन्होंने अपनाया। इसके अलावा हमारे यहा ग्रोथ रेट गिर गया था, वर्तमान व्यवस्था में खामियां आ चुकी थी और हमारा प्रशासन उसको सुधार नही पाया। इन कारणों से भी आन्तरिक सुरक्षा हमारी खतरे में पड़ी। इन सब कारणों का हमें निवारण करना होगा। इस हेतु डिफेंस आफ इंडिया एक्ट और मीसा आदि का प्रयोग होना चाहिये और विघटनकारी जो ताकतें हैं उनको कुचलने के लिए होनी चाहियें। हमारे जितने प्रशासनिक अधिकारी हैं मैं यह नहीं कहता हूं कि सब के सब बुरे है। लेकिन बहुत बड़ा अंश आज भी ऐसा है जो जन संघ से, आर०एस०एस० से, आनन्द मार्ग से अपना एक प्रकार का लिंक जोड़े हुए हैं। एमर्जेन्सी के लागू होने से पहले, इन संस्थाओं के बैन

होने से पहले, बहुत से सरकारी अफसर खुले रूप में अपने आप को इन संस्थाओं के चेले कहा करते थे। क्या हमने उनका हृदय-परिवर्तन कर दिया है ? आज उन पर निगाह रखने की आवश्यकता है। आज देश के हर एक प्रशासक और सरकारी अफसर को यह एहसास होना चाहिए कि डी० आई० आर० और मीसा जिस को वे आम जनता के खिलाफ इस्तेमाल करते है, उनके खिलाफ भी काम में लाया जा सकता है। हरियाणा और पंजाब आदि कुछ प्रान्तों में इस प्रकार के कदम उठाये गये हैं। लेकिन समूचे देश में---यह बहुत बड़ा देश है --अधिकांश अफसर इस प्रकार के है। इसलिए यह आवश्यक है कि गृहमंत्री उन लोगों को भी पाठ पढ़ाये कि ये कानून उन पर भी लागू होते है। तभी वे इकानोमिक प्रोग्राम और सरकार की अन्य नीतियों का सफलता पूर्वक कार्यान्वित कर सकेंगे।

आज ऐसी भी ताकतें है, चाहे वे जनसंघ के नाम से हों और चाहे आर० एस० एस० के नाम से, जो भय के कारण सरकार की नीतियों का समर्थन करने लग गई हैं। हमें उनसे भी सावधान रहना चाहिए। उन्होंने दिखावटी तौर पर इमर्जेन्सी और 21-पायंट प्रोग्राम का समर्थन किया है। लेकिन उनका हृदय परिवर्तन नहीं हुआ है बल्कि इमर्जेन्सी के डर से उन्होंने ऐसा किया है। उन लोगों की इस घोषणा के कारण सरकार उनको छूट दे रही है, जिस को उचित नहीं कहा जा सकता है। इन कानूनों को उन लोगों पर सख्ती से लागू करना चाहिए वर्ना इमर्जेन्सी डिक्लेयर करने और इस प्रकार के प्रावधानों का कोई उपयोग नहीं होगा।

इस देश में वितरण व्यवस्था में गड़बड़ी करने वाले जो लोग है, उनके बारे में डी० आई० आर० और मीसा का थोड़ा बहुत उपयोग किया गया है। लेकिन वितरण व्यवस्था तभी ठीक हो सकती है, जब देश का उत्पादन बढ़े। कितने ही इंडस्ट्रियलिस्ट्स ने अपने कारखानों में इनस्टाल्ड कैपेसिटी को पूरा नहीं किया है और वे 75 परसेंट तक भी नहीं पहुंचे है। सरकार ने उनमें से कितनों को डी० आई० आर० और मीसा के अन्तर्गत गिरफ्तार किया है ? जब तक सरकार यह पग नहीं उठायेगा, तब तक उसके प्रोग्राम का फेल होना निश्चित है। इमर्जेन्सी की घोषणा होने के बाद बिड़ला और टाटा जैसे बड़े बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट्स ने डेपुटेशन्ज को लीड किया और कहा कि हम प्राडक्शन बढ़ाना चाहते है। क्या इमर्जेन्सी डिक्लेयर होने के बाद उन का हृदय-परिवर्तन हो गया है ? सरकार को इस गुमालते में नहीं रहना चाहिए। सरकार को उनके कार्यों को देखना चाहिए। सरकार उन लोगों के पहले के कारनामों को न भूले कि किस प्रकार उन्होंने अपने कारखानों की मार्फत जनता के धन का लूटा है। वे लोग तो अपने बचाव के लिए सरकार के पास आ कर उसकी नीतियों के समर्थन की घोषणा करते है। सरकार को उनके खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए। अगर वे अपने इंडस्ट्रियल यूनिट्स में पूरा प्राडक्शन नहीं करते है, तो यह सरकार के प्रति एक धोखा होगा, और इस से हमारा पब्लिक इमेज खराब होगा।

सरकारी अफसर, इंडस्ट्रियलिस्टस और प्रतिबंधित संस्थाओं के सदस्य भय की वजह से सरकार की लाइन में खड़े हो रहे हैं। सरकार उनसे सावधान रहे और उनके खिलाफ एक्शन ले। तभी हमारा प्रोग्राम सफल होगा। यह पार्लियामेंट और देश की जनता सरकार को हर प्रकार के अधिकार देने के लिए तैयार है। उन्होंने पहले भी सरकार को ऐसे अधिकार दिये हैं और आगे भी देंगे। लेकिन जब तक उन अधिकारों

[श्री शिवनाथ सिंह]

को ठीक तरह से उपयोग में नहीं लाया जायेगा, तब तक हमें निराशा होगी ।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का स्वागत करता हूं ।

श्री प्रताप सिंह नेगी (गढ़वाल) : सभापति महोदय, मैं भारत रक्षा (संशोधन) विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । मुझे कुछ ज्यादा नहीं कहना है, क्योंकि पूर्व-वक्ता करीब करीब सारी बातों पर रोशनी डाल चुके हैं । मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि जिन विरोधी लोगों की वजह से सरकार को देश में आपातकालीन स्थिति का ऐलान करना पड़ा, यद्यपि विरोधी आज यहां हमारे बीच में नहीं हैं । किन्तु वे बड़े जोरों से कहा करते थे कि इस से देश में वाणी की स्वतंत्रता और लेखन की स्वतंत्रता का हनन हो रहा है । मेरा निवेदन है कि अगर वास्तव में किसी की स्वतंत्रता का अपहरण किया जाता, तो हम उस को बर्दाश्त नहीं कर सकते थे, लेकिन मैं समझता हूं कि देश में किसी की स्वच्छंदता और स्वेच्छाचारिता को नहीं चलने देना चाहिए, क्योंकि स्वेच्छाचारिता और स्वतंत्रता में बड़ा अन्तर है ।

स्वतंत्रता के साथ जहां हमारे अधिकार जुड़े हुए हैं, वहीं हम कर्त्तव्यों से भी हैं । लेकिन स्वेच्छाचारिता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, क्योंकि वह देश को रसातल की तरफ ले जाने वाली भयानक प्रक्रिया है । हमारे भाइयों को समझना चाहिए कि स्वतंत्रता और स्वेच्छाचारिता में जो भेद है उस भेद को हमें समझना है । क्योंकि दानव और मानव में अन्तर है । मनुष्य के हृदय में अगर मानवता के प्रति प्रेम है और वह समाज का कल्याण करना चाहता है, तो उस मनुष्य का आदर होता है । लेकिन जो मनुष्य के रूप में दानवता का कृत्य करता है, देश का विनाश करने को सोचता है, उस को मानव न कह कर दानव कहना चाहिए, और ऐसे लोगों का प्रतिकारक बना हमारा फर्ज और कर्त्तव्य है ।

मैं समझता हूं कि हमारी प्रधान मंत्री ने इस मौके पर सामयिक कदम उठा कर देश को बरबाद होने से बचा लिया है । उसके लिए वह हमारी तरफ से बधाई की पात्र हैं ।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं ।

SHRIMATI ROZA DESHPANDE (Bombay Central): Mr. Chairman, Sir, while supporting this amending Bill, we expect that this would be utilised to safeguard our country, economically, politically and socially as well. When I say 'politically' I mean, the forces which were trying their level best to de-stabilise this country —they have been very well fought specially by Mrs. Indira Gandhi—and the forces which were trying to de-stabilise and de-base the economy of our country, not only with the help of monopolists and the multi nationals in this country but also with the help of CIA agents like the Anand margis. The people in this country have come to understand the danger which was threatened by these forces. It is true that they took advantage of the economic crisis which was created, to some extent, by the monopolists in this country by bringing down production, creating labour unrest by anti-labour practices, sabotaging production and not utilising their capacity to the fullest. The vested interests were very much involved in this. I think this political aspect should be taken into consideration while amending this Act.

Secondly, there is the question of economic safety also. Mrs. Gandhi has given this twenty point programme and it is welcome. They have taken this emergency as a good gesture towards progress so that something could be done and saboteurs in this country could be dealt with, with

the highest hand. If somebody has the impression that people are doing very good work at present, as we find that there are no longer people sitting on the lawns of Delhi and playing cards in the gardens, which we have witnessed many times, it is not that they are afraid that there is emergency or that the DIR would be used or that they would be arrested under MISA and all that. Workers and people in this country feel 'Yes, Mrs. Indira Gandhi means to do something and she is determined to do something.' It is with that dynamism that people are confident that something will be done and achieved.

So I would like to impress on Government that it is not that workers are scared by this emergency or the DIB or MISA. They want to help, they want to co-operate. But we feel that people's co-operation is not the only thing which will make this 20-point programme a success. On the other side, we must be conscious of the elements which are still bent on sabotage. For the time it may look that they are quiet. They are not. Any time they will take up the opportunity to again try another sabotage, another coup, if I may say so. They would try. We should be cautious. Government should be cautious that in implementing DIR, MISA and all other measures, they are not utilised against the masses, the worker. I may say that the monopolists and private employers in this country are trying their level best in various industries to utilise this emergency by victimising the workers, by sabotaging production. Once they start this, there is no end to it. Supposing there is some unrest and some workers are arrested in an industry or is an establishment, what are the workers to do? You cannot stop them from going into action. I do not mean strike, but you cannot stop them from going into action. They are not going to be suppressed in that way, if the millowners and the private employers or monopolists try to use the emergency against the workers. What we expect Government to do is to show your earnestness, to show your dedication to this 20-point programme. We want you to implement the DIR, use it as an example against a few of these monopolists who are provoking the workers into action by victimising them. They are going to do it, as they did in the Railway Board. Yes, I dare say that the collaborated with the other party and sabotaged the agreement also which was going to be arrived at during the railway strike. I dare say that still the very same Railway Board is not implementing it. Many times when we go to the Minister, he says, 'Yes, yes, we have given instructions and everybody who is not involved in violence and so on will be taken back'. But the Railway Board goes ahead giving contrary instructions. How are you going to deal with this Board? Why cannot you just go into the details of how this Board is working and throw away this Railway Board? Unless you do this, the railway workers, though they are co-operating and they want to co-operate, will not be able psychologically and mentally to co-operate with you We are saying 'Yes, we should co-operate in every aspect, in every industry'. Even in the economic field, in the social field, in the political field, yes, everybody is there to Cooperate, but Government should show by its action, not by words that it means business. Deal with such multi-national companies, monopolists and tax-evaders in this country, out them behind bars, at least a few of them. Let the people know that you can deal with a hard hand such saboteurs in this country. People will not be scared by this DIR because they are confident at least at present that this will be used againts the enemies of this country, against the saboteur elements in this country. With this hope, we are supporting this Bill.

श्री मूल चन्द डागा (पाली) : सभापति महोदय, मैं आज यह इंडियन एक्सप्रैस पढ रहा था तो उस में टाप पर यह न्यूज थी :

[श्री मूल चन्द डागा]

"ORISSA Girls told to shun tight apparel.

Girls in Orissa have been told to discard tight fitting apparel and stretch pants and the like. They have been warned against modfits by the police."

यह भी कोई एक दिमाग में नई बात आ गई ? यह भी क्या डी आई आर में एक किस्म है ? अभी थोड़े दिन पहले ऐसा हुआ उडीसा में कि जो लड़के बाल रखे हुए थे पुलिस ने उनके बाल कटा दिए।

श्रीमती रोजा देशपांडे : वह अच्छा किया।

श्री मूल चन्द डागा : मेरे ख्याल मे तो पहले भी ऐसी संस्कृति हमारे यहां थी (**व्यवधान**)

MR. CHAIRMAN: The lady Member does not want competition in hair with the boys.

श्री मूल चन्द डागा : यह रिपोर्ट उसमे निकली है :

"The police are on the anti-hippie drive for the past one month and they consider miniskirts and modfits 'hippie culture'".

अब यह बताइए कि आप के डी आई आर के अन्दर यह भी आता है क्या ? अभी थोड़े दिन पहले खबर थी कि उडीसा के अन्दर जो विद्यार्थी कालेज जा रहे थे उनको रोक लिया गया और पुलिस थाने मे बुला कर उन के बाल कटा दिए गए । कृष्ण भगवान के भी बड़े बडे बाल थे, भगवान रामचन्द्र के भी बड़े बड़े बाल थे.... (**व्यवधान**) सभापति जी के बाल उस तरह के नही है लेकिन हैं।

एक बात यह सोचनी चाहिए कि डी आई आर का मिसयूज न हो। डी आई आर के कानून का मतलब यह था कि देश जो एक दुर्बलता से गुजर रहा था और जिस दुर्बलता के कारण देश आगे नही बढ़ सकता था आज बड़ा अच्छा अवसर मिला है कांग्रेस सरकार और शासन को कि उस दुर्बलता को दूर करे। एक काम आप कर दें कि सारे अधिकारी जितने हैं उन की पूंजी का डिक्लेरेशन करा दें डी आई आर के अन्दर। हम लोग करते हैं, हमारे एम पीज़ एम एल एज़ मन्त्री सब पूरी तरह घोषणा करें और उसे गजट में निकालना चाहिए कि हरएक के पास कितनी सम्पत्ति है। चाहे वह कोई भी पदाधिकारी हो, जिला प्रमुख हो पचायत समिति का प्रधान हो या शासन का अधिकारी हो, गजट मे उस को निकालना चाहिए कि मेरे पास इतनी सम्पत्ति है और इस प्रकार का मेरा कमाने का साधन है। हम जीवन मे शुचिता और स्वच्छता लाना चाहते है लेकिन जब तक ये बाते नही होगी वह चीज नही आएगी मेरे पास तो जमीन रही नही। मैंने घोषित कर दिया कि मेरे पास कोई जमीन नही है। (**व्यवधान**) . . .

श्री रामजीराम (अकबरपुर) : अफ़सरो के लिए क्या कह रहे है एक एक बी डी ओ एक एक दिन मे लखपति हो गये ।

श्री मूल चन्द डागा : सवाल यह है कि जो लागू करने वाले है इस कानून और नियम को उन के लिए यह चीज होनी चाहिए और आप डी आई आर के अन्तर्गत जो रूल्स बनाते है उस के लिए कोई कमेटी होनी चाहिए। कमेटी आन सबार्डिनेट लेजिस्लेशन एक है लेकिन उस के द्वारा रूल्स एग्जामिन करने के पहले वे लागू हो जाते है। मै समझता हूं कि एक कमेटी होनी चाहिए पार्लियामेंट की इस काम के लिए कि जब कभी भी आप रूल्स बनाएं तो उस पर वह कमेटी बैठे, अपना माइड अप्लाई करे, देखे कि वे रूल्स उस भावना, उस मशा के अनुरूप है या नही जिस मशा से वह बनाए जा रहे है। मैं समझता हूं कि यह जो अवसर आप को मिला है उस का लाभ उठा कर हम शासन को ठीक रास्ते पर लाएं। लेकिन एक बात मैं कहना चाहता हू कि यह एमर्जेंसी का सवाल नहीं हैं शासन में मितव्ययिता, संयम, अहंकार

विहीनता, आडम्बरहीनता, अध्यवसाय ये सारे गुण होने चाहिएं । यह नहीं होना चाहिए कि एम जेंसी हो गई तो लागू हो गए । मैं समझता हूं कि इस मौके का लाभ उठा कर अगर हम भ्रष्टाचार को मिटा सके तो हम ने बहुत कुछ जीत कर ली । यह जो अवसर मिला है उस का हमें पूरा लाभ उठाना चाहिए ।

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव : (मधेपुरा) सभापति जी, मैं सब से पहले आपको धन्यवाद दूं कि देर कर के ही सही, आप ने मुझे बोलने के लिये समय दिया । भारत सुरक्षा संशोधन विधेयक के माध्यम से आन्तरिक गड़बड़ी का भी उसमें शामिल करने का प्रयास किया गया है । मै इसका समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हू । आपात स्थिति की घोषणा के बाद 30 जून को राष्ट्रपति महोदय ने अध्यादेश जारी करके उसके माध्यम से भारत सुरक्षा कानून के अन्तर्गत इस प्रकार के संशोधन की व्यवस्था की जिससे इसके अन्दर आन्तरिक गडबडी भी आ सके । इस अध्यादेश को कानूनी रूप देने के लिये ही यह विधेयक पेश किया गया है । इससे पहले इस नियम के अन्दर कुछ इस प्रकार का प्रावधान था जिसे मैं पढना चाहूंगा---

"3(1). The Central Government may by notification in the official Gazette make such rules as appear to it necessary or expedient for securing the defence of India and civil defence, the public safety, the maintenance of public order or the efficient conduct of military operations or for maintaining supplies and services essential to the life of the community."

पर इसके अन्तर्गत इन्टरनल डिस्टर्बेन्स की बात नही थी, इस लिये इस विधेयक के माध्यम से इसमें इन्टरनल डिस्टर्बेन्स की बात लाई गई है । यह मानी हुई बात है कि अन्दर का दुश्मन बाहर के दुश्मन से ज्यादा खतरनाक होता है । आप ने देखा कि बाहर के दुश्मनों से अभी गत दो लड़ाइयों में किस बहादुरी से हम ने लड़ाई की, लेकिन चन्द विरोधी दल के लोग वास्तव में आस्तीन के सांप की तरह देश के साथ घात कर रहे थे । वे किस प्रकार देश में अव्यवस्था फैला रहे थे उसके बारे में आप हम से ज्यादा जानते होंगे ।

सभापति महोदय : चूंकि आप हमारे प्रदेश से आते हैं, आप ने देखा गत एक वर्ष में खास कर बिहार की क्या हालत हो गई थी । वास्तव में वहां पर लोग एक जगह से दूसरी जगह नही जा सकते थे । यदि कोई आदमी रेल से एक बार एक जगह से दूसरी जगह चला जाता था तो भगवान को हाथ जोड़ कर धन्यवाद देता था कि हम सही सलामत पहुच गये । आप ने देखा जो आपातकालीन स्थिति की घोषणा की गई उसके साथ ही देश की हालत किस तरह से बदली । आर०एस०एस० और आनन्द मार्ग के दफ्तरो पर छापे मारे गये तो आप ने देखा कि वहां से किस प्रकार का साजो-सामान व अस्त्र-शस्त्र बरामद हुए, जिन पर विदेशी मुहर लगी हुई थी । वहां से ऐसे कागजात भी निकले जिनसे साबित होता था कि किस तरह से देश को बरबाद करने की साजिश की जा रही थी । ऐसी स्थिति मे श्रीमती इन्दिरा गाधी ने जो कदम उठाया है, वह समयोचित है । श्रीमती इन्दिरा गाधी सही समय पर सही कदम उठाने के लिये विख्यात हैं और आपातकालीन स्थिति की घोषणा करके उन्होने वास्तव में सब से सही समय पर सब से सही कदम उठाने का एक नमूना सामने रखा है ।

देश मे जिस तरह की अनुशासनहीनता का आलम फैला हुआ था इस आपातकालीन स्थिति की घोषणा के बाद सारे देश मे अनुशासन का एक आलम फैल गया है । दफ्तर जाने वाले अब सही समय पर दफ्तर पहुचने लगे हैं । देश मे उत्पादन बढ गया है । मै एक उदाहरण देता हू---हमारे यहां पटना से बरौनी की तरफ़ जाने के लिए एक गाड़ी जाती है--दानापुर--समस्तीपुर एक्सप्रैस । पहले जब हम जाते थे तो फर्स्ट क्लास के

[श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव]

पैसेन्जर्स को खड़े होने की जगह भी नहीं मिलती थी, क्योंकि उसमें सब बिना टिकट के यात्री पहले से भरे होते थे। लेकिन ता० 29 जून को यह देख कर मुझे आश्चर्य हुआ कि फर्स्ट क्लास की दो कोचेज में एक भी आदमी नहीं था। लोगों में एक डर-सा पैदा हो गया है और वे समझने लगे हैं कि आपात स्थिति की घोषणा के बाद हम कोई नाजायज़ काम नहीं कर सकते। लोगों में एक सेन्स आफ़ रेस्पोंसिबिल्टी आई है, खास कर विरोधी दलों के लोगों में . . (व्यवधान) . . . आप ने देखा—मीसा का जो उपयोग किया जा रहा है, वह प्राफिटियर्स और होर्डर्स के खिलाफ़ किया जा रहा है। लेकिन आप जानते हैं राजनैतिक लोग देश के खिलाफ़ साजिश कर रहे थे, उनके खिलाफ़ भी इसका उपयोग किया गया है। वे नौजवान जो वास्तव में अपने को जय प्रकाश जी का फौलोअर बतलाते थे और देश की सुरक्षा को खतरे में डालते थे, उनको भी इसके अन्दर लिया जा रहा है। साथ ही, जैसा कि और दोस्तों ने भी कहा है, जो लोग इसको इम्प्लीमेन्ट करते हैं, अफसर लोग, उन पर डी०आई० आर० क्यों नहीं लगाया जाता है। मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि यदि कोई करप्ट लोग हैं, कोई इस तरह के अफसर हैं जो नाजायज़ ढंग से धन इकट्ठा करते हैं, जो इनएफिशियेन्ट हैं, उनको केवल रिटायर कर देने से ही समस्या का समाधान नहीं होगा। क्योंकि लाखों करोड़ों रुपया जो उन्होंने जमा कर लिया है वह उनक कई पुश्तों तक चलता रहेगा और उनक कोई दिक्कत नहीं होगी। यदि आप ने दूसरे लोगों को डी०आई०आर० में अन्दर करने का प्रावधान कर रखा है तो उन अफसरों को भी जिन्होंने नाजायज तरीके से धन इकट्ठा किया है, जो सरकारी आदेशों को क्रियान्वित नहीं करना चाहते हैं, उनको भी इसके अन्दर लेना चाहिए। इससे पहले भी आप ने बहुत से साहसिक कदम उठाये थे, बहुत सारे कार्यक्रम चलाये थे, लेकिन उनको लागू नहीं किया गया। उनको अमली-जामा नहीं पहनाया गया और इसके लिये ये लोग ही जिम्मेदार हैं। इस लिये मैं आग्रह करना चाहता हूं कि इनके खिलाफ़ भी मीसा लगाया जाना चाहिए। मीसा और डी०आई०आर० केवल किसानों पर, मजदूरों पर, विद्यार्थियों पर या अन्य लोगों पर ही लगाने से काम नहीं चलेगा। मैं आपके द्वारा आग्रह करना चाहता हूं कि इमर्जेन्सी के बाद यह जो आलम बना है, हम डिसिप्लड तरीके से काम करना चाहते हैं, हम चाहेंगे यह स्थिति कुछ और दिन तक चले। राष्ट्र की भलाई को ध्यान में रखते हुए एक दो साल तक इस स्थिति को बरकरार रखना अनुचित नहीं होगा। आज का जो बदला हुआ वातावरण है उसे यदि हम वे आफ लाइफ बना देते है और इसी रफ्तार से देश का उत्पादन बढ़ता रहता है तो उससे देश का बहुत भला होगा। इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI F. H. MOHSIN): Sir, I am very happy to see the wide support this Bill has received. I am thankful to the hon. Members who have given almost unanimous support to this Bill. It is but natural that those who have supported the Proclamation of Emergency should have supported this measure also. All that the Bill seeks to do is to amend the Defence of India Act to meet the present situation caused by the internal disturbance. It is a very formal Bill and there is no opposition from any quarter. It is quite necessary that internal peace is maintained for the progress of the country. No nation can develop unless there is internal peace. But unfortunately some forces, which are reactionary and disruptive, have combined together to create a situation of alarm and anxiety, which was a stumbling block against the progress of the country. Government could not implement its programme however, sincere it was; because of such

obstacles that were put in its way. In the name of democracy, democracy was stifled. Elected Assemblies were threatened to be dissolved. Almost a violent situation took place in some parts of the country. It was likely that such a situation could develop in the whole of the country. There was indiscipline in every field and more so, in the younger generations. Universities were the scenes of so many violent activities. Students kept themselves out of colleges and universities. They were exhorted to do so by the Opposition parties. The democratically and constitutionally elected members were threatened and asked to resign. When they did not do so, violence was used against them. It was the period when such a measure was necessary I am happy that the whole country has welcomed the proclamation of Emergency. It is only to replace the Ordinance that we have brought this measure. The very fact that the House has approved the proclamation of Emergency and the very fact that twice today Members have given wide support in this House, shows that the people want it because you all are the representatives of the people So, how can it be called an undemocratic measure, I cannot understand

15 hrs.

Perhaps, a whisper campaign goes round that the democracy is stifled. Sir, whatever, we have done, we have got the support of the people. We have seen the reactions of the Members here who represent the people, who represent the common-man and who represent the whole of the country as such. All these measures are in the interest of the country and to maintain internal peace. Such a situation was necessary for the implementation of the economic programme which will go a long way for the betterment of the common-man of our country.

After the promulgation of the Ordinance, Government had banned certain Organisations, which was acclaimed by the people of the country. The Organisations were RSS, Ananda Marg, CPI(M), Jamait-e-Islami and many others. They were 26 in number. All these banned Organisations were carrying on such activities which could disturb the internal peace of the country. Some of them were para-military organisations. The very fact that daggers and fire-arms were found in their possession, goes to show what their intentions were. The whole nation now understands what these organisations were out to do. So, they have welcomed the measure of banning these organisations.

While expressing their views on this Bill, Members have drawn the attention of the Government towards the scope of misuse of DIR and other Emergency measures Mr. Jharkhande Rai, Mr. Suleman Sait and so many other Members from this side have drawn my attention to the possible misuse and also some incidents have been quoted here. It is not as if a member of a particular party is harassed here. It may be a coincidence that the people who are arrested under DIR or under MISA happen to be members of the CPI or members of the Muslim League. In fact, some of them may happen to be members of the ruling party, i.e., the Congress I cannot rule it out, because these actions are taken against anybody who might violate the law or who is a disturbance to law. But this is never done on the lines of political affiliations or affinity People are not arrested on that basis. But I do not rule out the misuse of MISA or of the emergency powers. I do not rule out this possibility. So, the State Governments are being advised to take care while making these arrests, either under DIR or under MISA or under any other emergency powers; and all the concerned officers have been instructed and advised to see

[Shri F. H. Mohsin]

that the DIR is used for the benefit of the people. To-day, Sir, we see that prices are coming down. Things which were very scarce in the market are coming out now; and the situation has improved. People are happy that things are available in the market and are becoming cheaper also. We earnestly desire that this tempo is kept up and the common man is benefited thereby. We want to see that supplies are properly maintained, internal peace is maintained, production is enhanced and there is peace in factories, in agricultural fields, in the universities and elsewhere as well. Only then can we hope that the country would progress and we would become a still stronger nation. We are keeping in close touch with the State Governments to see that the cases of those arrested under DIR or under MISA are reviewed. We have requested them to review occasionally to see whether those arrests are really necessitated by the circumstances or not So, we will keep in close touch with the State Governments to see that the DIR or any other emergency easure is not misused. Some hon. Members have pointed out that some of the members of these banned organizations have not been arrested so far. It is true that some of the persons belonging to, or active workers of, the banned organizations are under-ground; and are evading arrest. We are making efforts to see that they are booked; and we have also advised the State Governments to activise their set-up to see that these persons are traced and booked. We do not want to see that those disruptive elements are at large; but we want to ee that there is no kind of internal isturbance But all the same I would ike to make it clear that it is not as hough every member of those organizations will be hauled up It is not ecessary; it is not in the interests of he country either. But whoever is active in creating internal disturbance —we cannot spare such people; but to arrest each and every member of these organizatons may not be practical or proper; but if any case comes to notice indicating that a particular person is indulging in such illegal activities which might be a danger to internal security or might cause internal disturbance, we would look for him and book him. With these words, I thank the Members for their support to the Bill.

श्री नागेश्वर द्विवेदी : जो संस्थायें अवैधानिक करार दी गई हैं, उनके जो कार्यकर्ता हैं, उनके बारे मे आप क्या करना चाहते हैं।

सभापति महोदय : उन्होंने कहा है कि वे पकड़े जा रहे हैं और पकड़े जायेंगे।

The question is:

"That the Bill to amend the Defence of India Act, 1971, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: There are no amendments to Clauses 2 to 11

The question is:

"That Clauses 2 to 11 stand part of the Bill."

The motion was adopted

Clause 2 to 11 were added to the Bill.

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That Clause 1, the Enacting Formula and the Title stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI F. H. MOHSIN: I beg to move:

"That the Bill be passed."

MR CHAIRMAN: Motion moved:

"That the Bill be passed."

श्री रामावतार शास्त्री (पटना): सभापति जी, हमारे देश में आपातकालीन स्थिति की घोषणा की गई और इसलिये की गई कि हमारे देश में जो दक्षिण-पंथी और फासिस्ट शक्तियां थीं, वे विदेशी शक्तियों से मिल कर, खास तौर से अमरीकी तत्वों के साथ, सी०आई०ए० के साथ मिल कर देश की आन्तरिक सुरक्षा पर खतरा पैदा कर रही थीं और इस प्रकार हमारे देश की आजादी पर खतरा आ गया था। इसी पृष्ठभूमि में भारत रक्षा संशोधन विधेयक, 1975 इस सदन में पेश किया गया है और इसके जरिये "आन्तरिक सुरक्षा" शब्द इस कानून में जोडे जा रहे हैं। आम तौर से तमाम लोगों ने इस बात का समर्थन किया है। मै यह कहना चाहता हू कि आप इस तरह का कानून तो बना रहे हैं, पर बहुत सारे सदस्यों ने ठीक ही कहा कि आज भी आपके शासन यंत्र में चाहे वह आकाशवाणी हो, शिक्षा विभाग हो, या दूसरे सरकारी कार्यालय हों, उन तमाम में आनन्द मार्गी और आर०एस०एस० के तत्व भरे पडे है। उनको आप निकाल पाने में लगता है कि अपने को समर्थ नही पा रहे है। मैं कहना चाहता हू कि इस कानून का इस्तेमाल इस तरह के लोगो के खिलाफ होना चाहिए।

आप ने आर०एस०एस० पर बंदिश तो जरूर लगायी, लेकिन उनकी सहयोगी संस्थाओं पर आप ने कोई प्रतिबन्ध नही लगाया। आनन्द मार्ग की सहयोगी संस्थाओं पर प्रतिबन्ध जरूर लगाया, लेकिन आर०एस०एस० की सहयोगी संस्थायें आज भी खुल्लमखुल्ला काम कर रही है और आर०एस०एस० के लोग उन्ही संस्थाओं की मार्फत अपने देशद्रोही कामो को अंजाम दे रहे है। तो मै चाहूंगा कि आपको भारत रक्षा कानून का इस्तेमाल, एम०आइ०एस०ए० का उपयोग इस तरह के तत्वों के खिलाफ, जो सरकार मे घुसे हुए है, करना चाहिए। मैं जानता हूं बिहार में उस समय के मुख्य मंत्री ने कहा था कि आनन्द मार्ग के 252 लोग बड़े-बड़े अफसरान है लेकिन उनमें से एक भी अभी तक नहीं निकाला गया। मैंने, श्री भोगेन्द्र झा तथा कम्युनिस्ट पार्टी के अन्य लोगों ने कुछ लोगों के नाम भी बताये। लेकिन वे लोग आज भी सरकारी कार्यालयों में पलथी मार कर के बैठे हुए हैं और आप उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। ठीक ही कहा लोगों ने कि ब्लैक मार्केटियर्स, चोर बाजारी करने वाले के खिलाफ आप इस कानून का जगह जगह इस्तेमाल कर रहे है, लेकिन मेरे सूबे में अभी इसका इस्तेमाल जिस पैमाने पर होना चाहिए, और सूबो में जिस पैमाने पर होना चाहिए, वह नही हो पा रहा है। जो जनता को भूखों मारने की कोशिश करते हैं, दाम बढ़ाते हैं, गल्ला छिपा कर रखते हैं ऐसे लोगों को पकड़िये। और जो कारखानों के मालिक लाक आउट डिक्लेयर कर देते हैं, कारखानों को बन्द कर देते है और मजदूरो को तंग करने की कोशिश करते हैं, उन्हे उकसाने की कोशिश करते है, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करना चाहिए। अभी आप ने इस कानून के मुताबिक उर्वरक खाद के कारखानो मे हड़ताल और लाक आउट पर बंदिश जरूर लगा दी, लेकिन दूसरे लोग जो लाक आउट करते है? बिहार मे कई कारखानो मे लाक आउट था, लेकिन वहा के श्रम मंत्री ने बहादुरी के साथ काम लिया और लोगो को बुला कर कहा कि कारखाने को खोलो नही तो तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही की जायगी। इस तरह की बात पूरे हिन्दुस्तान में करने की जरूरत है ताकि मजदूर विरोधी तत्व, बड़े पूंजीपति, इजारेदार इसके चंगुल से नही बच सकें और मजदूरों को तंग नही कर सकें, उत्पादन मे कमी नही कर सकें। तो मै चाहूंगा कि आप ऐसा कीजिये।

अभी इसके दुरुपयोग के बारे मे कहा गया। आप ने कहा कि एक आध जगह दुरुपयोग हो सकता है। मैं जानता हू बिहार, यू०पी० और तमिलनाडु में जहां डी०एम०के० की सरकार है वह हमारे दल के लोगों पर,

[श्री रामावतार शास्त्री]

ए०डी०एम०के० के लोगों के खिलाफ, दूसरे विरोधियों के खिलाफ इस तरह के कानून का इस्तेमाल कर रही है। हमारे सूबे में हमारी कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों को गिरफ्तार किया गया। पश्चिमी चम्पारन में, औरंगाबाद जिले में, सीतामढ़ी जिले में, सारन जिले में और स्वयं पटना जिले के दीघ में 9 और 10 साल के बच्चों को और 13 साल के बच्चों को भारत रक्षा कानून के अन्दर जेल में रखा गया। जिसके बारे में मुझे डी०एम० को कहना पड़ा कि यह क्या हो रहा है। आये थे औरों को पकड़ने रास्ते में बच्चे पड़ गये तो उन्हीं को पकड़ ले गये। यह नहीं होना चाहिए।

अन्त में एक बात और कहना चाहता; कि पिछले साल रेल मजदूरों ने बहुत ही बहादुराना लड़ाई आपकी मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ लड़ी और आप ने उस हड़ताल को भारत रक्षा कानून के अन्तर्गत गैरकानूनी डिक्लेयर किया। फर्नान्डीज को भी जेल में डाला और मेरे जैसे लोगों को भी जेल में डाला। और दोनों को एक ही पटरी पर बैठा दिया। आप ने दोनों में कोई विभेद करने की कोशिश नहीं की। हो सकता है कि श्री फर्नान्डीज का मकसद कुछ और रहा हो जैसा कि बाद की घटनाओं से स्पष्ट हो रहा है, कि वह सरकार को लुंज पुंज बनाना चाहते थे, लेकिन हमारा वह मकसद नहीं था। इंडियन रेलवे वर्कर्स फेडरेशन जिसका नेतृत्व कामरेड एस० ए० डांगे के हाथों में था उनका वह मकसद नहीं था। आल इंडिया रेलवे एम्प्लाईज कानफडरेशन का यह मकसद नहीं था। स्वयं आल इंडिया रेलवे मैन्स फेडरेशन के जो अधिकांश मजदूर थे उनका भी वह मकसद नहीं था, एक आध लोगों का भले ही यह मकसद रहा हो जो श्री फरनान्डीज का था, लेकिन आप ने दोनों को एक ही तराजू में तोला। दोनों में कोई भेद नहीं किया। अभी भी गाली दे रहे हैं। हमारा मकसद रेलवे को पैरेलाइज करना नहीं था। रेलवे हड़ताल 6 सूत्री मांगों के लिये की गई थी। उन मांगों को अभी तक पूरा नहीं किया गया। जिनको पूरा किया गया उन को कार्यान्वित नहीं किया गया और आज भी हमारे कई हजार मजदूरों पर विक्टेमाइजेशन की तलवार लटक रही है। मंत्री लोग कहते हैं कि उनको नौकरी में लिया जाय। रेलवे बोर्ड के अधिकारी कहते हैं कि अगर ले लेंगे तो फिर हड़ताल हो जायगी। कितने ही लोग आप ने वापिस नौकरी पर ले लिये हैं लेकिन हड़ताल नहीं हुई है। जो बचे हुए हैं को वे लेने से कैसे हड़ताल होगी। हड़ताल से पहले जिन लोगों को सरकार ने निकाल दिया था उनको भी आपने नौकरी पर वापिस नहीं लिया है। इंडियन रेलवेज लोको मैकेनिकल स्टाफ एसोसिएशन के चार नेता पहले ही हड़ताल के निकाल दिये गये थे नौकरी से लेकिन आज तक उनको नौकरी में वापिस नहीं लिया गया है। इनमें से श्री मौलवी राम जो कि झाझा के हैं उनको एक साल तक डिटेंशन में भी रखा गया था डी०आई०आर० के अन्दर। स्वर्गीय श्री ललित नारायण मिश्र ने आर्डर दिये थे कि इन सब को नौकरी पर वापिस ले लिया जाये लेकिन आज तक उन्हें नहीं लिया गया है। इन लोगों के नाम हैं श्री टी० एन० उपाध्याय और श्री चटर्जी जो मुगलसराय के हैं और श्री मौलवी राम और झम्मन कुंडू जो झाझा के हैं। इन तमाम लोगों को वापिस नौकरी पर लिया जाये। स्वर्गीय ललित नारायण मिश्र ने इसका वादा किया था और इसके बारे में वह आदेश भी दे गये थे। लेकिन रेलवे बोर्ड के लोग इसका पालन नहीं कर रहे हैं। इसलिए रेलवे बोर्ड पर भी डी०आई० आर० लगना चाहिए और उसके मैम्बरों को पकड़ कर जेल में डाला जाये। ये मिनिस्टरों की बात नहीं मानते हैं।

इस कानून का बहुत जगहों पर जो दुरुपयोग हो रहा है इसको आप रोकें। इसका दुरुपयोग होने न दें। अगर आप देश को ठीक रास्ते पर लाना चाहते हैं, पूंजीपतियों को नियंत्रित करना चाहते हैं, उन पर चेक करना चाहते हैं, चोर बाजारियों को खत्म करना चाहते हैं तो उनके खिलाफ आप इसको सख्ती से लागू करें और इस काम में हमारा पूरा सहयोग आपको मिलेगा। लेकिन अगर मजदूरों, किसानों, गरीब लोगों, मध्यम वर्गीय कर्मचारियों के खिलाफ आप इसका इस्तेमाल करेंगे तो एमरजेंसी रहे या न रहे हमारे जैसे आदमी और हमारे दल के लोगों को इस तरह के कदम का विरोध करना ही पड़ेगा, यही मैं कहना चाहता हूं।

SHRI F. H. MOHSIN: Sir, as I have already said these Emercency measures are in the interest of the country and in the interest of the common man.

The hon. Member, Shri Ram Avtar Shastri, has made some observations about the inflow of foreign money. We are vigilant about this matter and we have information that certain organisations and certain individuals have been receiving foreign money. We have brought forward a Bill to plug the loopholes or to regulate the inflow of foreign money into our country which is before the Select Committee. That Bill is already before the Select Committee. If need be, we can take more stringent action against persons who may be receiving foreign money for creating disturbance in the country. We certainly use all our Emergency measures against them.

He also said that some public servants are yet involved or associated with these banned organisations. It may be. But if any public officer or any public servant is found involved or actively associated with these banned organisations, I can assure the House that action will be taken against them. They will also not be spared.

About other points raised by him, I have already replied to them before.

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

15.24 hrs.

THE KERALA LEGISLATIVE ASSEMBLY (EXTENSION OF DURATION) BILL

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFARS (DR. SAROJINI MAHISHI): Mr. Chairman, Sir, I beg to move:

"That the Bill to provide for the extension of the duration of the present Legislative Assembly of the State of Kerala, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

"That the Bill to provide for the extension of the duration of the present Legislative Assembly of the State of Kerala, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."
Shri C. K. Chandrappan.

SHRI C. K. CHANDRAPPAN (Tellicherry): Mr. Chairman, I stand here to suport this Bill which is seeking an extension of the life of the Kerala Legislature. Normally, I do not think the Government would have come forward with such a legislation, but there is a very special situation in our country since Emergency has been declared.

15.25 hrs

[SHRI VASANT SATHE *in the Chair*]

Under these circumstances, it is not possible to hold elections to the State Assembly. There is an alternative and that alternative is introduction of